हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान,पंथाघाटी, शिमला, हिमाचल प्रदेश

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, पंथाघाटी, शिमला ,हि. प्र. द्वारा 11 दिसम्बर, 2020 को "अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस -2020" कार्यक्रम का आयोजन

हिमालयन वन संस्थान पंथाघाटी (शिमला) द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिनाँक 11 दिसम्बर 2020 को अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम पर्वतीय जैव- विविधता थी। इस अवसर पर मुख्य स्त्रोत व्यक्ति श्री बी॰ एस॰ राणा, भा॰ व॰ स॰, मुख्य अरण्यपाल, नाहन वन वृत ने इस दिवस की महत्वता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने पर्वतों के महत्व को बताते हुये कहा की मानव जीवन का अस्तित्व पर्वतों पर ही निर्भर है और यदि पर्वत के महत्व को न समझा गया तो मानव जाति खतरे में आ जाएगी। साथ ही उन्होने हिमालयी क्षेत्रों में घटते ग्लेशियरों के लिए भी चिंता जाहिर की और कहा कि समय रहते इनके संरक्षण के लिए उचित कदम उठाने कि आवश्यकता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ॰ एस॰ एस॰ सामंत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होने हिमालयन क्षेत्रों में पाई जाने वाली वनस्पातिक जैव- विविधता, उपयोग, स्तर तथा संरक्षण पर अपने विचार रखे और जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जाहिर की। इस अवसर पर संस्थान से लगभग 60 वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा तकनीकी कर्मचारियों ने कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुये भागीदारी की। अन्य अनुसंधान स्टाफ एवं शोधार्थियों को ऑनलाइन जोड़ा गया। कार्यक्रम के अंत में श्री जगदीश सिंह, प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे तथा निदेशक महोदय ने मुख्य वक्ता तथा संस्थान के सभी प्रतिभागियों की भागीदारी हेतु धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ



हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला
WELCOME
TO
HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE
(Indian Council of Forestry Research & Education)
Conifer Campus, Panthaghati, Shimla-171 009 (H.P.)